दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

# क्राइम / नकली शराब भरने को कबाड़ी से खाली बोतल खरीद आगे बेचता था आरोपी, पुलिस ने मौके से 840 खाली बोतलें भी बरामद की थी

*दैनिक भास्कर*

Jun 10, 2020, 07:49 AM IST

**गोहाना.** महम रोड पर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ने के बाद पुलिस धंधे में संलिप्त लोगों तक पहुंच रही है। पुलिस ने नकली शराब भरने के लिए खाली बोतल मुहैया कराने वाले आरोपी अजय उर्फ सोनू निवासी चरखी दादरी को गिरफ्तार करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। पुलिस ने मौके से 840 खाली बोतलें बरामद की थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कबाडि़यों के संपर्क में रहता था। उनसे खाली बोतलें लेकर उसे साफ करके आरोपियों को बेच देता था।

पुलिस आरोपी से खाली बोतलें कहां-कहां सप्लाई करता है, इसके बारे में भी जानकारी जुटा रही है। ताकि उसके माध्यम से नकली शराब बनाने के अन्य ठिकानों की भी जानकारी मिल सके। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और आरोपी शमशेर उर्फ श्यामा मिलकर कार्य करते थे। इस बार शमशेर ने शराब का ठेका नहीं छुटवाया। शमशेर ने साथियों के साथ मिलकर महम रोड पर शटरिंग के गोदाम में बना एक कमरा किराए पर लिया और वहां पर साथियों के साथ नकली शराब तैयार करने का धंधा शुरू कर दिया था।

शराब भरने के लिए खाली बोतल अजय द्वारा मुहैया कराई जा रही थी। थाना शहर प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि नकली शराब बनाने की सूचना मिलने पर शस्त्र निरोधक टीम और थाना शहर पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपनी पहचान राजेश उर्फ राजू निवासी बिहौली जिला पानीपत, शमशेर उर्फ श्यामा, मोहित, दीपक, पवन निवासी सरगथल व विजय निवासी कासंडा के रूप में दी थी। तलाशी लेने पर कमरे से 14 पेटी अवैध शराब, 135 लीटर सिप्रेट, 3280 लेबल जगाधरी नंबर वन, 3472 होलोग्राम, 840 खाली बोतल प्लास्टिक, 1150 बोतल ढकन, 70 पेटी पानी मार्का फोस्टर व दो मशीन बरामद की थी। आरोपियों से धंधे में जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई।

Source:
https://www.bhaskar.com/local/haryana/sonipat/gohana/news/accused-used-to-sell-empty-bottles-to-fill-the-fake-liquor-the-police-also-recovered-840-empty-bottles-from-the-spot-127394624.html